Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 15-05-2006

Participants : Khanna Shri Avinash Rai

an>

Title : Regarding resentment over uncertainty of future of 1200 children due to a decision of N.F.L.

श्री अविनाश राय खन्ना (होशियारपुर) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि 1200 बच्चों का भविय एनएफएल के एक गलत निर्णय के कारण अंधकारमय हो गया है। मेरे निर्वाचन क्षेत्र में नंगल में एनएफएल की एक यूनिट है। वहां पर कारगिल युद्ध के शहीद कैप्टन अमोल कालिया के नाम से एक एनएफएल का प्लस-2 तक एक स्कूल चलता था। लेकिन पिछले साल वह स्कूल किसी प्राइवेट सोसाइटी को दे दिया गया। वह सोसाइटी आवश्यक नॉर्म्स को पूरा नहीं करती थी, जिसके कारण सीबीएसई ने उसका एफिलिएशन खत्म कर दिया। वह स्कूल इस र्वा बन्द हो गया। वहां के कर्मचारी और बच्चे एक महीने तक भूख हड़ताल पर बैठे रहे। मैंने भी उनको हड़ताल में एक दिन ज्वाइन किया। उस समय छोटे-छोटे बच्चे मेरे पास और कहने लगे कि अंकल हमारा स्कूल जरूर खुलवाकर जाना। लेकिन अफसोस की बात है कि एनएफएल पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। इससे उस स्कूल के कर्मचारी, बच्चे और उस इलाके के लोग काफी दुखी हैं। इसलिए मैं आपसे निवेदन करता हूँ कि सरकार को यह हिदायत दी जाए कि वह स्कूल एनएफएल स्वयं चलाए ताकि वे बच्चे अच्छी शिक्षा लेकर अच्छे नागरिक बन पाएं। इसके साथ ही मैं यह भी निवेदन करना चाहूंगा कि एनएफएल और उस प्राइवेट सोसाइटी के बीच जो एग्रीमेंट हुआ था, उसके पीछे कौन सी ताकत थी जिसके कारण रूल्स एण्ड रेगुलेशन्स को अलग रखकर ऐसा एग्रीमेंट किया गया, इसकी जांच सरकार सीबीआई से कराए और स्कूल को एनएफएफ द्वारा चलाया जाए।